# कार्यालय जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)

Email ID-pmayg.zpbalod@gmail.com Phone No. 07749-223917,Fax 07749-223917

## ।।विज्ञापन।।

क्रमांक/3014 /जि.पं./PMAY-G/2024–25 बालोद, दिनांक 25 /09/2024

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का आदेश क्रमांक/एफ 3–1/22–2/2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29.08.2024 में प्रदाय स्वीकृति के आधार पर संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विकास भवन, प्रथम तल सेक्टर 19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक/1251/PMAY-G /स्था./31/2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 20.09.2024 के परिप्रेक्ष्य में कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद के आदेश क्रमांक/ 3012 ./बालोद, दिनांक 24/09/2024 के माध्यम से गठित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में प्रदाय अनुशंसा के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तर के रिक्त पद लेखापाल (संविदा) एवं जनपद पंचायतों में रिक्त पद विकासखण्ड समन्वयक (संविदा), तकनीकी सहायक (संविदा), डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) पदो पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 10/10/2024 को कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक विज्ञापन में दर्शित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेजो तथा नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो के साथ कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद, जिला बालोद (छ.ग.) के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेंगे एवं अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को स्वमेंव निरस्त माना जावेंगा।

जिला पंचायत स्तर में रिक्त संविदा पदों का पदनाम, संख्या एवं संवर्गवार पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | रिक्त पद का नाम | रिक्त पद की वर्गवार जानकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित (मुक्त) | अ.पि.वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल |
| 1 | लेखापाल | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

जनपद पंचायत स्तर में रिक्त संविदा पदों का पदनाम, संख्या एवं संवर्गवार पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | रिक्त पद का नाम | रिक्त पद की वर्गवार जानकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित (मुक्त) | अ.पि.वर्ग | अनुसूचित जाति (मुक्त) | अनुसूचित जनजाति | कुल |
| 1 | विकासखण्ड समन्वयक | 01 | 0 | 01 | 0 | 02 |
| 2 | तकनीकी सहायक | 01 | 0 | 01 | 0 | 02 |
| 3 | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 01 | 0 | 01 | 0 | 02 |
| योग | | 03 | 0 | 03 | 0 | 06 |

**शैक्षणिक योग्यता एवं वेतन**

**1. जिला स्तर के पद :—**

| क्र. | पदनाम | संविदा वेतन | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल | 23350/— (लेवल 6) | बी.काम. में न्यूनतम 55 % अंक के साथ उत्तीर्ण। (अ.ज.जा. एवं अ.जा. हेतु 50 प्रतिशत में बी.काम उत्तीर्ण) | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए(प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) **अधिकतम 20 अंक** | 20 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 20 |
| | | | | **प्राथमिकता**<br>• प्रधानमंत्री आवास योजना— ग्रामीण में कार्यानुभव को प्राथमिकता।<br>• उच्च शिक्षा/एम.काम. को प्राथमिकता | |

**2. विकासखण्ड स्तर के पद :—**

| क्र. | पदनाम | संविदा वेतन | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड समन्वयक | 39875/— (लेवल 10) | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.ई./बी.टेक. में न्यूनतम 60 % अंक के साथ उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60 % अंक से साथ स्नातकोत्तर की उपाधि।<br>2. कम से कम 02 वर्ष का शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यालय अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में क्रियान्वयन का कार्य अनुभव। | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय/गैर शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) **अधिकतम 20 अंक** | 20 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | साक्षात्कार पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 10 |
| | | | | **प्राथमिकता**<br>1. शैक्षणिक संस्थाओं में अनुभव को प्राथमिकता।<br>2. निर्माण कार्य से संबंधित कार्य अनुभव को प्राथमिकता। | |

| क्र. | पदनाम | संविदा वेतन | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | तकनीकी सहायक | 35165/- (लेवल 9) | 1.मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.ई/बी. टेक/डिप्लोमा (सिविल इंजीनियरिंग) न्यूनतम 60 % अंकों के साथ उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>2.उपरोक्त श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में बी.ई/ बी.टेक /डिप्लोमा (किसी भी ब्रांच में इंजीनियरिग ) न्यूनतम 60 % अंकों के साथ उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>3. उपरोक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में एम.एस.सी. (गणित/ भौतिकी) न्यूनतम 60 % अंकों के साथ उत्तीर्ण। | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) **अधिकतम 20 अंक** | 20 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | साक्षात्कार पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 10 |
| | | | | **प्राथमिकता**<br>शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओं में निर्माण कार्य में कार्य अनुभव को प्राथमिकता। | |
| 3 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 23350/- (लेवल 6) | 1. कक्षा 12वी. (10+2) बोर्ड उत्तीर्ण। अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। अथवा कक्षा 10वी परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।<br>2. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी) | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) **अधिकतम 20 अंक** | 20 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 20 |
| | | | | **प्राथमिकता**<br>प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में कार्यानुभव को प्राथमिकता। | |

**उक्त संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्तें निम्नवत हैं :–**

1. निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद** के पते पर दिनांक–10/10/2024 को कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. अभ्यर्थी को प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. आवश्यकता अनुरूप पदो की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकेगी, जिसके लिए पृथक से सूचना का प्रकाशन किया जावेगा।
4. आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 जुलाई 2024 के आधार पर की जावेगी।
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध मे शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
6. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है। स्व–प्रमाणित नहीं होने की स्थिति में आवेदन पत्र स्वमेंव निरस्त माना जावेगा।
7. आवेदक को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
8. संविदा नियुक्ति अधिकतम 03 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
9. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. एफ.9–1/2012/1–3 दिनांक–31 दिसबंर 2012 एवं अद्यतन निर्देश के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होगी।
10. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
11. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
12. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
13. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
14. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मैरिट आधार पर सूची बद्ध किया जायेगा और पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा तदउपरांत कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा। समान अंक प्राप्त होने पर जन्म तिथि के अनुसार वरीयता दी जावेगी।
15. दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संलग्न किये गये सम्पूर्ण दस्तावेजो की मूल प्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

Scanned with

16. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। प्रतिक्षा सूची की वैधता 01 वर्ष के लिए रहेगी।

17. शासकीय/अर्द्धशासकीय/गैर शासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण के साथ नियुक्ति आदेश एवं माह अगस्त 2024 का वेतन पर्ची/बैंक स्टेटमेंट सहित, प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

18. अनुभव प्रमाण पत्र में कार्यालय का नाम, जावक क्रमांक एवं दिनांक, जारीकर्ता अधिकारी की पदमुद्रा/सील एवं कार्य अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है।

19. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र स्वमेंव निरस्त माना जावेगा एवं इसकी कोई सूचना नही दी जावेगी।

20. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद के नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।

21. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा। विवाह प्रमाण पत्र संलग्न करें।

22. आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

23. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

24. नियुक्ति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य/बन्धनकारी होगा।

25. विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिले की वेब–साईट www.balod.gov.in पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है।

26. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, अटल नगर, नवा रायपुर के निर्देशानुसार नियमों में परिवर्तन मान्य है।

27. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के पत्र क्रमांक/1127/दिनांक 03.09.2024 के मायध्म से जारी विज्ञापन को संचालक, प्र.मं.आ.यो.–ग्रा. के पत्र क्रमांक/1250/दिनांक 20.09. 2024 के माध्यम से अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया गया है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

25/09/24

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बालोद (छ.ग.)

# संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

**आवेदित पद का नाम .......................................**

**संबंधित जिला का नाम .......................................**

अभ्यर्थी नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो चिपकाये

**प्रति,**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**जिला पंचायत– ......................**

**पिनकोड– ---------------**

1. अभ्यर्थी का नाम – अ. हिन्दी में :...............................................................................
   ब. अंग्रेजी में :...............................................................................
2. पिता / पति का नाम :...............................................................................
3. लिंग (महिला / पुरूष / तृतीय लिंग :...............................................................................
4. जन्म तिथि अ. अंको में :...............................................................................
   ब. शब्दो में :...............................................................................
   स. दिनांक 01.09.2024 को आयु वर्ष :........................माह ....................दिन.......................

**(हाई स्कूल सर्टिफिकेट 10 वीं परीक्षा का प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

5. वर्ग ( अनु.जाति / अनु.जनजाति / अ.पि.व. / सामान्य):...............................................................................
6. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :...............................................................................
   :...............................................................................
   :...............................................................................
7. स्थायी पता (हिन्दी में) :...............................................................................
   :...............................................................................
   :...............................................................................
8. मोबाईल नंबर :...............................................................................
9. ई–मेल आईडी :...............................................................................
10. आधार नंबर :...............................................................................
11. शैक्षणिक योग्यता – (शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्रों की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय / विषय समूह का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |

12. अनुभव का विवरण :–

| क्रं. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | मह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

13. वैवाहिक स्थिति :–

(क). विवाहित/अविवाहित :........................................................................

(ख). विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरा जावे :–

विवाह का दिनांक :........................................................................

(ग). परिवार के संतान का विवरण :........................................................................

| क्रं. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्म दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

अनिवार्य अनुभव हेतु सैलेरी स्लिप/बैंक स्टेटमेंट।

1. .................................................... 6. ....................................................
2. .................................................... 7. ....................................................
3. .................................................... 8. ....................................................
4. .................................................... 9. ....................................................
5. .................................................... 10. ....................................................

स्थान :– ....................................

दिनांक :– ....................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नाम – ....................................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारिया पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

स्थान :– ....................................

दिनांक :– ....................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नाम – ....................................................